

# मोहन कैबिनेट के विस्तार की अटकलें तेज : समर्थकों का दावा, सीधी विधायक बन सकती हैं मंत्री !

## भाजपा सरकार में विभाजित सीधी जिले को मंत्रिमंडल में नही मिली जगह, जनवरी में संभावित मंत्रिमंडल में दो बार की सांसद सीधी विधायक रीती पाठक की दिल्ली की दौड़ हो सकती है कामयाब

नव भारत सियासत

**सीधी 13 जनवरी। मोहन कैबिनेट के विस्तार की अटकलें तेज होते ही समर्थकों का दावा है कि सीधी विधायक इस बार मंत्री बन सकती हैं।**

**भाजपा सरकार में विभाजित सीधी जिले को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। जनवरी में संभावित मंत्रिमंडल में दो बार की सांसद सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की दिल्ली की दौड़ कामयाब हो सकती है।**



राजनैतिक जानकारों के अनुसार प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार करने की हलचलें राजधानी में तेज है। इस वजह से दौड़-धूप भी बनी हुई है। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक भी मंत्री बनने की रेस में शामिल हैं। उनके दिल्ली जाने के बाद से यह चर्चा सुर्खियों में बनी है कि उन्हें इस बार प्रदेश मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। दरअसल श्रीमती रीती पाठक की पृष्ठभूमि पर नजर दौड़ाई जाय तो वे अपने परिवार से प्रेरणा और समर्थन के साथ उन्होंने अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र में महिलाओं के लिए सामाजिक कार्य आरंभ में शुरू किए। जब वह जिला पंचायत अध्यक्ष सीधी के लिए चुनाव लड़ीं और जीतीं तो उन्हें राजनीति से परिचित होना पड़ा। वे पहली बार 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार के रूप में चुनी गई और 2019 में 17वीं लोकसभा के लिये पुन: निर्वाचित हुईं। सांसद रहने के दौरान रीती पाठक सदस्य कोयला और इस्पात पर स्थायी समिति 1 सितम्बर 2014 से 25 मई 2019 तक, सदस्य परामर्शदात्री समिति, ग्रामीण विकास मंत्रालय, पंचायती राज और पेयजल स्वच्छता 1 सितम्बर 2014 से 25 मार्च 2018 तक, सदस्य महिला सशक्तिकरण समिति 5 फरवरी 2015 से 25 मई 2019 तक, सदस्य लोक लेखा समिति 1 मई 2016 से 25 मई 2019 तक रहते हुये अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी।

बाद में वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश के विधानसभा क्षेत्र सीधी से विधायक का चुनाव लड़ा और विधायक चुनी गई। इस तरह रीती पाठक दो मर्तबा सांसद के रूप में अपना सफल कार्यकाल पूर्ण किया। जब पार्टी संगठन ने वर्ष वर्ष 2023 मे सीधी विधानसभा से उम्मीदवार बनाया तो इसमें भी उन्हें कामयाबी मिली। सीधी विधायक के रूप में कार्य करते हुये वे भी उनके द्वारा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ पार्टी संगठन के निर्देशों का परिपालन कर रही हैं।

### सीधी विधायक के समर्थकों को मंत्री पद मिलने की पूरी उम्मीद

प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें लगने के बाद से ही सीधी विधायक रीती पाठक के समर्थकों को पूरी उम्मीद है कि इस बार उन्हें मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। चर्चा के दौरान कुछ समर्थकों का कहना था कि रीती पाठक को पार्टी संगठन द्वारा जो भी दायित्व सौंपा गया है उस पर वह पूरी तरह से खरी उतरी हैं। महिला कोटा से रीती पाठक को इस बार मंत्री पद मिलने का दावा भी समर्थकों द्वारा किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने सीधी से मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री दिये




कांग्रेस ने सीधी से मुख्यमंत्री के रूप में तत्कालीन चुरहट विधायक कुंवर अर्जुन सिंह को जिम्मेदारी सौंपी, जिस पर वह पूरी तरह से सफल रहे। बाद में उन्हें केन्द्रीय मंत्री की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। वहीं भाजपा की सरकार में सीधी को आज तक मंत्री पद नहीं दिया गया।

### इनका कहना है



प्रदेश संगठन के शीर्ष नेतृत्व की अनुशंसा से मंत्री बनते हैं। प्रदेश मंत्रिमंडल में 32 मंत्री की लिमिट है। हम चाहते हैं कि सीधी को भी मंत्रिमंडल में जगह मिले। सीधी संगठन की ओर से हम केवल मांग कर सकते हैं।

**देव कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा सीधी**



मंत्रिमंडल का विस्तार सीएम के हांथ में है। सीधी विधानसभा को मंत्रिमंडल में जगह मिलने की इस बार पूरी उम्मीद है। यही उम्मीद कार्यकर्ता कर रहे हैं।

**विश्वबंधुधर द्विवेदी**
**जिला उपाध्यक्ष भाजपा सीधी**

# ई-केवाईसी कराने के बाद मिलेगी रसोई गैस की सब्सिडी , 31 जनवरी तक ई-केवाईसी कराएं गैस के उपभोक्ता

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 जनवरी। केन्द्र सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम निर्देशों के अनुसार अब सभी घरेलू ईंधन गैस एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए अपने गैस कनेक्शन का केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन हितग्राहियों ने अभी तक केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं की है उन्हें 31 जनवरी 2026 तक का समय दिया गया है।**



निर्धारित समय सीमा के भीतर केवाईसी नहीं कराने की स्थिति में उपभोक्ताओं को गैस सब्सिडी का लाभ नहीं मिल पाएगा। ऐसे में अब आगे ई-केवाईसी कराने के बाद ही रसोई गैस की सब्सिडी मिलेगी। यदि ई-केवाईसी निर्धारित समय सीमा में नहीं हुई तो उज्जवला कनेक्शनधारी महिलाओं को बड़ा नुकसान होगा। उक्त असुविधा से बचने के लिए सभी रसोई गैस के उपभोक्ता 31 जनवरी 2026 तक ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं। जानकारी के अनुसार यह निर्णय गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने, फर्जी और डुप्लीकेट कनेक्शनों को समाप्त करने तथा सरकारी सब्सिडी केवल पात्र और वास्तविक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से लिया गया है। मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित सभी घरेलू गैस कनेक्शन धारकों को आधार आधारित केवाईसी कराना आवश्यक है ताकि सब्सिडी की राशि सीधे उनके पंजीकृत बैंक खाते में ट्रांसफर की जा सके। गैस कंपनियों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि केवाईसी प्रक्रिया के अंतर्गत उपभोक्ताओं को आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और बायोमेट्रिक सत्यापन कराना होगा। यह प्रक्रिया उपभोक्ता अपनी नजदीकी गैस एजेंसी पर जाकर या संबंधित गैस कम्पनी के अधिकृत मोबाइल एप के माध्यम से भी पूरी कर सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं ने पहले केवाईसी कराया है उन्हें भी सलाह दी गई है कि वे अपने दस्तावेजों की स्थिति की एक बार पुन: जांच कर लें।

### ई-केवाइसी के लिये आवश्यक दस्तावेज

रसोई गैस के जिन उपभोक्ताओं ने अपने आधार कार्ड से गैस की ई-केवाईसी नहीं करवाई है उनको 31 जनवरी 2026 तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिन उपभोक्ताओं ने नगद पैसे देकर गैस कनेक्शन लिया है या महिलाओं ने उज्जवला गैस कनेक्शन लिया है उन सभी को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। आधार की ई-केवाईसी नहीं होने पर आने वाली सब्सिडी और गैस का कनेक्शन पूरी तरह से बंद हो जाएगा। ई-केवाईसी के लिए दस्तावेज में आधार कार्ड एवं गैस कनेक्शन की कांपी आवश्यक है।

# जल सुनवाई के माध्यम से पेयजल गुणवत्ता की जांच, नपा सीधी की पहल

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 जनवरी। स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में तथा नगर पालिका परिषद सीधी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल के मार्गदर्शन में नगरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल सुनवाई एवं जल परीक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है।**




इसी क्रम में नगर पालिका सीधी द्वारा ट्यूबवेल के माध्यम से प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। परीक्षण के दौरान कुल 19 ट्यूबवेल के जल के नमूनों की जांच की गई, जिसमें पीएच की मात्रा 7 से 7.5 के मध्य पाई गई, जो मानक के अनुरूप है। फ्लोराइड परीक्षण में जल में फ्लोराइड की मात्रा 1.00 मिलीग्राम प्रति लीटर पाई गई। वहीं, प्रदाय किए जा रहे जल में अमोनिया की मात्रा कहीं भी नहीं पाई गई। इसके साथ ही फ्री क्लोरीन की भी जांच की गई, जिसमें इसकी मात्रा शून्य पाई गई। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी अमृत मित्र सदस्यों के माध्यम से भी विभिन्न स्थानों पर प्रदाय किए जा रहे जल की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है, ताकि नागरिकों को निरंतर शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# लापरवाही, अनुशासनहीनता में पटवारी निलंबित

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 जनवरी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी विकास आनंद द्वारा पटवारी विनोद कुमार दीवान हल्का खरवर/चिनगवाह को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही, बैठक में अनुपस्थिति, कार्यालय में शराब सेवन तथा सीएम हेल्पलाइन एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में उदासीनता के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 5 जनवरी 2026 को आयोजित साप्ताहिक बैठक में संबंधित पटवारी बिना सूचना के अनुपस्थित रहे तथा बाद में कार्यालय पहुंचने पर शराब सेवन की पुष्टि हुई। पूर्व में दिए गए नोटिसों के बावजूद प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। उक्त कृत्यों को गंभीर अनुशासन हीनता मानते हुए म.प्र. सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम 9 अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई की गई है। इस अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कुसमी नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने व्यापारी संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 जनवरी। व्यापारी संघ सीधी ने नल-जल योजना के तहत व्याप्त अनियनितताओं की जांच एवं खोदी गई सड़क की मरम्मत कराने की मांग को लेकर आज अध्यक्ष लालचंद गुप्ता के नेतृत्व में सीएमओ श्रीमती मिनी अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।**



सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि शहर के सभी वार्डो में नल-जल योजना एवं गैस पाइप लाइन की सप्लाई हेतु खोदी गई सड़क के कार्य में जमकर मनमानी की गई है जिससे भारी समस्याएं सामने आ रही है। नलजल योजना के तहत शहर के सभी वाड़ों में जो खुदाई सड़को की गई उसमे लगभग 3 फिट गड्ढे गहराई तक पाइप डालनी चाहिए लेकिन लगभग एक से डेढ़ फिट ही रोड़ खोद कर पाइप डाली गई है। कुछ जगहों से पाइप रोड़ की सतह पर दिखाई दे रही है। भविष्य में इस लापरवाही से भारी वाहनों के आवाजाही व सड़क में घर्षण हो जाने पर पाइप क्षतिग्रस्त होने की पूरी संभावना है। जहां-जहां भी सड़के खोदी गई हैं प्रमुखत: बाजार क्षेत्र से सड़को की मरम्मत न होने की वजह से पूरा बाजार क्षेत्र में आवागमन की दिक्कतें हो गई है। ट्रफिक जाम की समस्या बढ़ रही है तथा आये दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। नलजल योजना एवं गैस पाइप लाईन डालने की योजना पिछले कई वर्षों से हमारे शहर मे चल रही है जो कि बहुत धीमी गति से है। जिसे जल्द से जल्द पूर्ण कराना अत्यंत आवश्यक है। सभी बिन्दुओ को गंभीरता से लेकर शीघ्र संबंधित ठेकेदारों पर जांच करा कर यथा उचित कार्यवाही की जाये जिससे शहर की जनता को इस समस्या से जल्द निजात मिल सकें।

ज्ञापन सौपने में प्रमुख रूप से व्यापारी संघ सीधी के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, महामंत्री भीम कामदार, उपाध्यक्ष संतोष सिंह गहरवार, युवा व्यापारी संघ के महामंत्री अमित गुप्ता शामिल रहे।

# सांदीपनि हायर सेकेण्डरी स्कूल सेमरिया में सूर्य नमस्कार हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 13 जनवरी। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।**



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। योग प्रभारी सूरज विश्वकर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। योग एवं प्राणायाम के लाभों की जानकारी शिक्षक चतुर्भुज अरजरिया एवं के.सी.मिश्रा मुरारी द्वारा दी गई। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण सुमित गुप्ता एवं किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष विकास नारायण तिवारी द्वारा शीर्षासन एवं अन्य योग कलाओं का प्रदर्शन रहा, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।

इस अवसर पर राजमणि शुक्ला, अनिल शुक्ला, के.डी.केवट, सुरेश पाण्डेय, रामसजीवन जायसवाल, जगन्नाथ मिश्रा, बुद्धसेन सोनी, सुरेश मुजाल्दा, जनशिक्षक भरतलाल द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, सरोज सिंह, कल्पना सिंह, डॉ.सुनीता वर्मा, राकेश मिश्रा, पंकज निकुंज पाण्डेय सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में पंकज निकुंज पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# टमसार में कृषक सभा का हुआ आयोजन, अधिकारियों ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**कुसमी 13 जनवरी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा 11 जनवरी 2026 को समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने हेतु जंबूरी मैदान भोपाल में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया।**




जिसके उपलक्ष्य में कुसमी कृषि विस्तार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि यह रथ सभी ग्राम पंचायत में कृषक कल्याण रथ भ्रमण कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, एकीकृत पोषक तत्व कीट एवं रोग प्रबंधन, उर्वरक वितरण की नवीन ई टोकन प्रणाली का ग्राम स्तर तक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम में एईओ मेणा जानकारी देते हुये बताया कि जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, उर्वरक वितरण में ई-टोकन व्यवस्था, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन, संतुलित उर्वरक प्रयोग, फसल विविधिकरण, कृषि को लाभ का धंधा बनाने की जानकारी, पराली प्रबंधन की जानकारी, कृषि यंत्र अनुदान स्प्रिंकलर सेट एवं रीपर कम बाइंडर के आवेदन की जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसलों के बीमा की जानकारी दी।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को फसल उपज के संबंध पर विस्तृत जानकारी देते हुए योजना का विधिवत प्रचार प्रसार किया है। इस कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों में कृषि विस्तार अधिकारी एसपी साकेत, मेघ सिंह मेणा, एच.एम.सोंधिया, सचिव केपी सिंह, ग्रामीण व कृषक उपस्थित थे।

# सीधी चैलेंज कप सीजन-9 : भूमि एसोसिएट्स दिल्ली ने सीजन 8 की विजेता हैदराबाद को 9 विकेट से हराया

## कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के नौवे दिन के मैच में सिद्धू ग्रुप, करणी सेना, एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद और भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली के बीच हुआ एकतरफा मैच

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में सिद्धू ग्रुप, करणी सेना, एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट क्लब हैदराबाद और भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली के मध्य हुए नौवे दिन के मैच में एलबीएस दिल्ली एकतरफा 9 विकेट से अपनी शानदार जीत दर्ज कर सीजन 8 की विजेता एमपीएसपी हैदराबाद को हराया।**






कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के आज नौवे दिन के मैच में सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा द्वारा राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद के फ्रेंचाइजी हरपाल सिंह बुल्ले और एलबीएस दिल्ली के फ्रेंचाइजी ओनर रहीस सिंह की गरिमामय उपस्थिति में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा किया गया। टॉस जीतकर हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद बल्लेबाजी करते हुए 26.2 ओव्हर में 10 विकेट के नुकसान के साथ 102 रनों का का लक्ष्य दिल्ली के सामने रखा, जिसमें कुलदीप शर्मा द्वारा शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच ओव्हर में मात्र 14 रन देकर दो विकेट लिए। जबावी पारी में भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली की टीम मात्र 10 ओव्हर में आज का मैच अपने नाम कर लिया। जिसमें पिछले मैच के मैन ऑफ द मैच रहे कौशल सुमन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 38 गेंद में 8 छक्के और 6 चौके लगाते हुए 79 रनों की शानदार पारी खेली और मात्र एक विकेट के नुकसान पर दिल्ली ने आज का मैच जीत लिया। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेंद्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार, हर्ष गुप्ता रहे। कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार, बालेन्द्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे।

### आज जम्मू-कश्मीर और मालदीव के बीच होगा मैच




छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का 10वां मैच 14 जनवरी को चौहान स्टोन क्रेशर जम्मू-कश्मीर बैरियर्स और केडी कंस्ट्रक्शन क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीव्स के बीच 14 जनवरी को सुबह 10 बजे रोमांचक मैच खेला जाएगा। जम्मू-कश्मीर और मालदीप दोनों ही टीमे 1-1 मैच हार चुकी हैं और फाइनल पहुंचने के लिए यह मैच दोनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होने वाला है इसलिए यह मैच काफी रोमांचक रहेगा है।

### दो खिलाड़ियों को मिला प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच




सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का नौवा मैच एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट क्लब हैदराबाद और भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दिल्ली को एकतरफा जीत मिली। दिल्ली के कौशल सुमन जिन्होंने मात्र 38 गेंदों मे 8 छक्के और 6 चौके की मदद से 79 रन बनाएं और कुलदीप शर्मा जिन्होंने 5 ओव्हर में मात्र 14 रन देकर 2 विकेट लिए। समिति के अध्यक्ष डॉ .अनूप मिश्रा, फ्रेंचाइजी एमपीपीएस क्लब हैदराबाद महेश प्रताप सिंह परिहार, राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद कोच सुदर्शन जी राजू, एलबीएस दिल्ली के फ्रेंचाइजी ओनर रहीश सिंह भूमि एसोसिएट की गरिमामय विशेष उपस्थिति में दोनों खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से राकेश सिंह, मोहित सिंह द्वारा दिया गया।